an>

Title : Need to augment railway services in North 24 Pargana district in West Bengal –laid.

श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव): मैं एक अतिमहत्वपूर्ण विषय रख रहा हूं, जो मेरे संसदीय क्षेत्र का गंभीर मामला है । पश्चिम बंगाल राज्य में 24 नॉर्थ परगना जिला की आबादी सबसे अधिक है । यह जिला व्यावसायिक क्षेत्र के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें प्रतिदिन 10 हजार यात्री एक दिन में एक ट्रेन से आते हैं । इसके अनुसार देखा जाये तो सुबह 3 बजे से रात 1 बजे तक प्रतिदिन 5 लाख से अधिक यात्री अपनी रोजी-रोटी के लिए यात्रा करते हैं ।

इतनी भारी संख्या में यातायात की वजह से आज तक बहुत तरह की दुर्घटना घट चुकी हैं, जो काफी चिंता का विषय है । इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि इस क्षेत्र में रेलगाड़ी और रेल लाईन बढ़ाया जाये ताकि आने वाले समय में किसी प्रकार की दुर्घटना न हो और इसके साथ ही दम-दम जंक्शन में मेट्रो लाईन बढ़ाकर वनगांव तक लाया जाये जिससे क्षेत्र के लोगों को अपने रोजगार और व्यावसायिक रूप से लाभ मिले ।